
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# जौलीग्रांट और पंतनगर एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू

**हवाई यात्रा**

## यात्रियों को किया जा रहा क्वारंटाइन

■पहले दिन यात्रियों की संख्या काफी कम रही

**संवाददाता**

देहरादून। दो महीने के लॉकडाउन के बाद सोमवार से उत्तराखंड के जौलीग्रांट(देहरादून) और पंतनगर एयरपोर्ट पर उड़ाने शुरू हो गई हैं। हालांकि, पहले दिन यात्रियों की संख्या काफी कम रही। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर दिल्ली से एयर इंडिया की सुबह सात बजकर 20 मिनट पर आई फ्लाइट में सिर्फ तीन यात्री पहुंचे। यही विमान सुबह आठ बजे के करीब पंतनगर की ओर आठ यात्रियों को लेकर रवाना हुआ है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर कोरोना वायरस से सुरक्षा की दृष्टि से कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग में यात्री और स्टाफ नियमों का पालन करते नजर आए। वहीं, जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुंबई से आने वाली दिन की इंडिगो फ्लाइट स्थगित हो गई है।




कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किए गए लॉकडाउन के चौथे चरण में घरेलू उड़ानें शुरू हो गई हैं। इसे देखते हुए जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर बाहर से आने वाले यात्रियों की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एयरपोर्ट के बाहर स्वास्थ्य विभाग की टीम की देखरेख में उनकी जांच की जा रही है। वहीं, तहसील प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में हवाई यात्रियों को गढ़वाल विकास निगम की गाड़ियों से क्वारंटाइन के लिए चिह्नित होटलों में भेजा जा रहा है। उप जिलाधिकारी डोईवाला लक्ष्मी राज चौहान ने बताया कि जिन जगहों पर इन यात्रियों के लिए क्वारंटाइन सेंटर बनाए गए हैं उन्हें वहां भेजा जा रहा है।

आपको बता दें कि अभी तक 11 यात्रियों को जिला प्रशासन ने चिह्नित कर देहरादून के एक होटल के लिए भेजा जा चुका है। यह सभी यात्री सात दिन अपने खर्चे पर होटल में क्वारंटाइन रहेंगे। उसके बाद इन्हें सात दिन तक होम क्वारंटाइन किया जाएगा।

**अपने खर्च पर होंगे क्वारंटाइः** जिला प्रशासन ने बाहर से आने वाले लोगों को क्वारंटाइन करने के लिए पहले से ही इंतजाम कर लिए थे। फ्लाइट से आने वाले सभी लोगों को पेड क्वारंटाइन की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए दून के अलग–अलग क्षेत्रों में 20 होटलों का अब तक अधिग्रहण कर लिया गया है। इनमें हर स्तर का होटल शामिल है, जिनमें क्वारंटाइन की सुविधा 700 से 8000 रुपये प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन के हिसाब से तय की गई है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 20 होटलों में करीब 1000 बेड अभी उपलब्ध हैं। इनमें रहने के अलावा भोजन का अलग से भुगतान करना होगा। इसके लिए हर बार के भोजन के लिए 150 रुपये तय किए गए हैं। फ्लाइट से आने वाले लोगों की जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। हर एक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग के साथ ही रैंडम सैंपलिंग भी की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### अब सभी की जांच करने की मांग उठने लगी

**संवाददाता** पिथौरागढ। बीते शनिवार को गंगोलीहाट में कोरोना पाजिटिव युवक मिलने के बाद से अब संस्थागत क्वारंटाइन में रखे सभी प्रवासियों की जांच करने की मांग उठने लगी है। बता दें कि अब क्षेत्र में क्वारंटाइन में रखे लागों में भय का माहौल ज्यादा देखने को मिल रहा है। वही देर सांय जिले से कुछ चिकित्सकों की टीमों को मौके पर क्षेत्र के क्वारंटाइन सेटरों में जांच करने के लिए भेज दिया गया है।

### चंपावत में पाजिटिवों के मिलने के बाद पिथौरागढ जिला प्रशासन में मचा हडकंप

**संवाददाता** पिथौरागढ। बीते शनिवार को चंपावत में सात लोगों के कोरोना पाजिटिव मिलने के बाद जिले के प्रशासन में हडकंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक रोडवेज बसों से 12 लोग चंपावत के और 47 लोग पिथौरागढ मुख्यालय के होने की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन अब लोगो की हिस्ट्री डिटेल की जानकारी जुटाने में लग गया है। ये लोग जिले के ही संस्थागत क्वारंटाइन सेंटरों में क्वारंटाइन कियेगये थे। अब वही चंपावत प्रशासन से मिली सूचना के आधार पर जिला प्रशासन उनकी तलाश में जुट गया है।

### जिला प्रशासन आया सख्त मूड में

**संवाददाता** पिथौरागढ। जनपद मुख्यालय के अब आरेंज जोन में आने से जिला प्रशासन अब काफी सख्त मूड में आ गया है। बता दें कि जिलाअधिकारी ने अजले के लोगों को हिदायत दी है कि जिले में न तो अब कोई सवेरे मानिंग वाक करता नजर आयेगा और बाजार में 65 साल से अधिक वर्ष की उम्र के व्रद्व और बच्चे बाजार में घूमते हुए नही नजर आने चाहिए। वही दुकानों मे मास्क पहने व पांच से अधिक व्यक्ति मिलने व सामाजिक दूरी का पालन नही होने पर दुकानों को मौके पर बंद कर दिये जाने की हिदायत दी है। वही प्रशासनिक सूचना के मुताबिक अब जिले में बिना प्रशासन की अनुमति के कोई भी प्राइवेट वाहन नही चलेगे। दो पहिया वाहनों में अब केवल एक ही व्यक्ति यात्रा कर सकेगा।

### होम क्वारंटाइन का उल्लघंन करने वाले युवक का कटा चालान

**संवाददाता** पिथौरागढ। प्रभारी एंचोली चौकी इंचार्ज अनिल कुमार को सूचना मिली कि ग्म्रम तोली निवासी विक्रम सिह पुत्र जगत सिह गुरूना पिथौरागढ उम्र 32 वर्ष जो कि महाराष्ट्र से आया है। जिसकों जिला प्रशासन द्वारा होम क्वारंटाइन किया गया है। यह व्यक्ति ऐंचोली तिराहे के पास बाजार में लाकडाउन का उल्लंघन कर घूम रहा है। देर सांय थाना कोतवाली में 188 व 269 भादवि 51बी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## दिवंगत पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय प्रकाश पंत किये गये याद

**संवाददाता** पिथौरागढ। जनपद मुख्यालय के भाजपा के पूर्व दिवंगत नेता व कैबिनेट मंत्री रहे प्रकाश पंत को उनकी वार्षिकी पूरी होने पर याद किया गया। बता दें कि लाकडाउन के चलते स्थानीय जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंत के द्वारा क्षेत्र के हित में दिये अमिट योगदान व उनके लोगोंके प्रति दिये जाने वाले कुशल व्यहार व प्रेम पूर्ण सहयोग व उनके निधन को एक साल पूरा होने पर याद करते हुए म्रतक आत्मा को परमात्मा से शांति देने की कामना की। वही उनके आवास पर उनकी पतनि जिले की विधायक चन्द्रा पंत व उनके भाई युवा नेता भूपेश पंत व उनके माता पिता ने उनकी वार्षिकी पर उनको याद किया। वही इस दौरान तमाम सामाजिक संगठनों ने प्रकाश पंत को याद किया। वही लाकडाउन के चलते उनकी पतनि ने लोगों से घर में ही रहकर उनके पति को याद करने की अपील भी की।



**घर में मनाया ईद का पर्व, कोरोना से मुक्ति की मांगी दुआ**

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी में लोगों ने ईद का त्योहार अपने अपने घरों में मनाया। इस अवसर पर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए नमाज अदा की और कोरोना वायरस कोविड 19 से शीघ्र ही मुक्ति दिलाने व देश में अमन व चैन की दुआ मांगी गई। शारीरिक दूरी का पालन करते हुये ईद की नमाज (इबादत) घर के लोगो और बच्चों के साथ अदा कर राज्य, देश और आलमे इंसानियत के लिये दुआ मांगी गई।

# लिपुलेख और कालापानी पर नजर रखने के लिए बना रहा कॉरिडोर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

■जारी है नेपाल की उकसाने वाले गतिविधि

पिथौरागढ। गर्बाधार लिपुलेख सड़क निर्माण के बाद चीन के असर में नेपाल लगातार उकसाने वाले गतिविधि को अंजाम देने में तुला हुआ है। जिले की लगती सीमा पर तीन बार्डर आउट पोस्ट बनाने के बाद अब उसके द्वारा कालापानी और काठमांडू के बीच कॉरिडोर का काम शुरू करा दिया है। यहां से नेपाली सेना सीधे कालापनाी व लिपुलेख पर नजर रखने का मूड बना रही है। तीन रोज पूर्व निर्माण के लिए हालीकॉप्टर से विशेष दल सुदुर पश्चिम नेपाल के घाटीबगर में पहुंचा दिया है।

बहुत जल्द यहां पर 45 सैनिकों की प्लाटून भी रखने के फिराक में नेपाल नजर आ रहा है। वही इन तैनात सैनिकों की निगरानी में आगे के निर्माण कार्य नेपाल जारी रखने के संकेत भी देने लग गया है। यहां से निकट भविष्य में दार्चुला तिंकर तक आवाजाही करने में नेपाल को आसानी हो सकेगी।

सूत्रों के मुताबिक काठमांडू महाकाली कॉरिडोर सामारिक तौर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पिथौरागढ़ जिले से सटे नेपाल के दार्चुला तिंकर तक सड़क निर्माण काम बहुत जल्द तैयार हो सकेगा। भारतीय सुरक्षा ऐंजेंसियों ने बताया कि सड़क निर्माण होने से इसकी लंबाई कुछ कम हो जायेगी। नेपाली सेना को गश्त करने में आसानी हो जायेगी।

कॉरिडोर के बनने से नेपाल के उच्च हिमालयी दो गांवों के लोगों को माइग्रेशन के लिए भारत की भूमि का प्रयोग करने में कदम पीछे कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक नेपाल ने 1200 स्थानीय लोगों को खलंगा में भेज दिया है। नेपाल में कॉरिडोर के बनने के बाद अब कैलास मानसरोवर मार्ग पर नेपाली सेना आसानी से नजर रखने के लिए आतुर हो गया है।

दूसरी ओर कालापानी और लिपुलेख में होने वाली गतिविधि पर नेपाल अपनी नजर बनाये हुए है। काठमांडू महाकाली कॉरिडोर का निर्माण होने से नेपाल की उकसाने वाली गतिविधि उजागर होती नजर आ रही है।

## सोशल मीडिया पर लोकप्रियता दिला सकती है अपने सपनों का घर

**संवाददाता** हरिद्वार। सोशल मीडिया पर ख्याति के साथ आपको मिलते हैं कई रिवार्ड। इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसी लोकप्रिय ऍप्स पर कई जाने माने सितारों ने अपनी स्टारडम को अब बढ़िया कमाई का जरिया बना लिया है और वे हर महीने हजारों लाखों रुपए कमा रहे हैं। लेकिन क्या आपने पहले सुना है कि किसी सोशल मीडिया स्टार ने इन ऍप्स से इतनी कमाई कर ली कि वह दो साल से भी कम समय में अपना खुद का घर बना सका?

हरिद्वार की निशा शर्मा को क्वाइ ऍप पर अपनी प्रोफाइल से यह सफलता मिली। 24 वर्षीया निशा इस लोकप्रिय शॉर्ट वीडियो ऍप पर अपने वीडियो शेयर करती रही हैं। पिछले करीब डेढ़ वर्षों में निशा और उनके पति लवकुश मिश्रा ने इस ऍप के जरिए इतने पैसे कमा लिए कि अब हरिद्वार के बाहरी इलाके में उन्होंने अपना छोटा घर बना लिया है। निशा का कहना है, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपनी पसंद के काम से अपना घर बना सकूंगी। निशा ने एक दिन अचानक क्वाइ पर अपनी प्रोफाइल बनायी।